भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3890

जिसका उत्तर 27 मार्च, 2026 को दिया जाना है ।

06 चैत्र, 1948 (शक)

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में रिक्त पद

3890. श्रीमती सागरिका घोषः

क्या **इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में आरक्षित पदों सहित सभी श्रेणियों के अंतर्गत स्वीकृत, पदस्थ और रिक्त पदों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) वर्ष 2021 से रखे गए संविदा कर्मचारियों की वर्ष-वार और श्रेणी-वार संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री जितिन प्रसाद)

(क) और **(ख):** इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में स्वीकृत पदों की संख्या 734 है। यह बदलते तकनीकी परिदृश्य को देखते हुए, अपनी कार्यात्मक आवश्यकताओं और नवाचार प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त कार्यबल बनाए रखता है।

मंत्रालय में पदों का सृजन और उन्हें भरना एक सतत प्रक्रिया है, जिसकी नियमित आधार पर समीक्षा की जाती है। मौजूदा नियमों और निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार, समय-समय पर भर्ती की जाती है।

पिछले दस वर्षों के दौरान मंत्रालय में की गई भर्ती निम्नानुसार है:

श्रेणी	**ग्रुप ए**	**ग्रुप बी**	**ग्रुप सी**	**कुल**
भर्ती	54	47	190	291

****